प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शनिवार** **दिनांक 17.05.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और जवानों के सम्मान में आज प्रदेशभर में निकाली गई तिरंगा यात्रा—मुख्यमंत्री जशपुर जिले में आयोजित तिरंगा यात्रा में हुए शामिल।**

- **प्रदेश में शराब घोटाला मामले में आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के पन्द्रह ठिकानों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने की छापेमार कार्रवाई।**

- **अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के लिए गठित एसटीएफ की टीम ने भिलाई में एक बांग्लादेशी दंपत्ति को किया गिरफ्तार।**

- **तेलंगाना पुलिस ने बीस माओवादियों को किया गिरफ्तार—छत्तीसगढ़ के रहने वाले माओवादी भी शामिल।**

<u>तिरंगा यात्रा</u>

भारतीय सेना द्वारा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के सम्मान में आज प्रदेशभर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा देश की सुरक्षा में नागरिक सहभागिता के संकल्प के साथ गांव, नगर और शहरों में आयोजित की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिक शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णदेव साय जशपुर जिले के ग्राम चराईडांड में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि यह यात्रा न केवल तिरंगे के प्रति सम्मान है, बल्कि यह शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

यह अभियान देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को सशक्त बनाने का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रदेश में एक साथ तिरंगा यात्रा आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना और जन–सहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना है।

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने सुकमा में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।
वहीं, प्रदेशभर में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, जिला और जनपद पंचायत के अध्यक्ष, सदस्यगण और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। यात्रा की अगुवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक संघर्ष शीर्षक वाले बैनर से की गई। तिरंगा यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर का अधिकृत लोगो का प्रदर्शन किया गया। यात्रा का मुख्य आकर्षण ''हम सेना के साथ है'' और ''ऑपरेशन सिंदूर के साथ राष्ट्र'' जैसे बैनर रहे। यात्रा में पूर्व सैनिकों के परिजनों, छात्र–छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउड गाइड्स और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग भी शामिल हुए।

## तिरंगा यात्रा

इधर, आरंग विकासखंड के ग्राम गनौद में विधायक खुशवंत साहेब और इंद्रकुमार साहू के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह और एसएसपी डॉक्टर लाल उमेद सिंह भी उपस्थित थे।
उधर, राजनांदगांव में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर निगम कार्यालया से शुरू होकर गायत्री मंदिर और भारत माता चौक से होती हुई जयस्तंभ चौक पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए देश की एकता और अखंडता के लिए एकजुटता दिखाई।
इसी तरह, महासमुंद में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा में सांसद रूपकुमार चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। जिले के सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में

भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में कलेक्टर विनय लंगेह और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह के अलावा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में आयोजित तिरंगा यात्रा में विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और आम लोग शामिल हुए।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेलमंडल के कर्मचारियों ने कल तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा रेलवे इंस्टीट्यूट खारून विहार से शुरू होकर रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग और सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद उपस्थित थे।

**<u>तिरंगा यात्रा</u>**

उधर, सक्ती जिले में आयोजित तिरंगा यात्रा में सांसद कमलेश जांगड़े सहित जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

इसी तरह, रायगढ़ और सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं, प्रदेश के अन्य जिलों, जनपदों और ग्राम पंचायतों में भी तिरंगा यात्रा निकाले जाने के समाचार मिले हैं।

इस बीच, सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट एस.के. शुक्ला ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे सेना ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि वह आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगी।

**<u>एसीबी–छापा</u>**

प्रदेश में शराब घोटाला मामले में आज पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके करीबियों के पन्द्रह ठिकानों पर एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने बस्तर संभाग के सुकमा, तोंगपाल, जगदलपुर और दंतेवाड़ा में तेरह तथा रायपुर में दो ठिकानों पर दबिश दी है। कवासी लखमा के करीबी कांग्रेस नेता राजकुमार तामो के दंतेवाड़ा स्थित घर पर तलाशी ली गई। वहीं, सुकमा जिले में चार जगहों पर छापे मारे गए हैं। इनमें

हार्डवेयर और पेट्रोल पंप कारोबारी शाामिल हैं। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा शराब घोटाला मामले से संबंधित दस्तावेजों और लेनदेन की जानकारियां जुटाई जा रही हैं।

**बांग्लादेशी नागरिक–गिरफ्तार**

अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई के लिए गठित स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की टीम ने कल भिलाई में एक बांग्लादेशी दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। यह दंपत्ति वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से सुपेला में रह रहे थे। उन्होंने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज के आधार पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और बैंक पासबुक बनाया था। वे इंटरनेट और वाट्सऐप के माध्यम से बांग्लादेश स्थित अपने परिजनों से संपर्क में थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**रेत परिवहन–कार्रवाई**

प्रदेश में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर जिले में खनिज विभाग द्वारा ग्राम भिलोनी, जोंधरा, अमलडीहा, उदइबंद और अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। इस दौरान अमलडीहा और उदइबंद रेत खदान क्षेत्र से अवैध उत्खनन करते दो चैन माउंटेन मशीन सहित दो हाईवा जब्त किया गया। वहीं, निरीक्षण के दौरान मस्तुरी रोड तोरवा के पास डंप किए गए लगभग दो सौ हाईवा रेत और दो सौ हाईवा मिट्टी जब्त की गई।

उधर, बलरामपुर जिले में अनुविभागीय अधिकारी राजपुर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध रेत और गिट्टी का उत्खनन तथा परिवहन करते हुए तीन टिप्पर, पांच ट्रैक्टर और एक हाईवा को जब्त किया है।

**माओवादी–गिरफ्तार**

तेलंगाना पुलिस ने बीस माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। इनमें तेलंगाना के साथ–साथ छत्तीसगढ़ के रहने वाले माओवादी भी शामिल हैं। इन पर बीजापुर जिले के कर्रेगुट्टा में आईईडी लगाने के अलावा कई अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है।

## संक्षिप्त समाचार

- सूरजपुर जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस की अटल मॉनिटरिंग पोर्टल रैंकिंग में पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है।

- दुनियाभर में आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप से संबंधित खतरों के बारे में जागरूकता बढाना और इससे बचने के उपायों का प्रचार करना है। इस वर्ष का विषय है – अपने रक्तचाप को सही तरीके से मापे, नियंत्रित करें और जीएं लंबा जीवन।

- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट कल अट्ठारह मई को रायपुर आएंगे। श्री पायलट पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत हुये कारोबारी रायपुर निवासी स्वर्गीय दिनेश मीरानिया के परिजनों से मुलाकात करेंगे। वहीं, कांग्रेस महासचिव उन्नीस मई को जांजगीर–चांपा में आयोजित संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे।

- बलरामपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में लापरवाही करने के आरोप में पैंसठ पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- कांकेर जिले के दुधावा क्षेत्र में बीती रात तेंदुए के हमले में एक बच्चा घायल हो गया है।

- नारायणपुर जिले के ग्राम रायनार में जिला पुलिस और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा नया कैम्प स्थापित किया गया है। इससे सुरक्षा के साथ–साथ जनसुविधाओं और शासन की जनकल्याकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में तेजी से विकास कार्यों का विस्तार होगा और माओवाद उन्मूलन अभियान में तेजी आएगी।

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>